NCR में लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले गैंग का भंडाफोड़, नोएडा में 1400 KG नकली पनीर जब्त



नोएडा थाना सेक्टर-63 पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है. टीम ने नकली पनीर बनाकर दिल्ली एनसीआर के बाजारों में बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है. साथ ही पुलिस ने इस गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार भी किया है और कब्जे से 14 क्विंटल नकली पनीर भी बरामद किया है. पुलिस के मुताबिक नकली पनीर अलीगढ़ के सहजपुरा गांव में स्थित फैक्ट्री में तैयार किया जाता था और नोएडा समेत दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई किया जाता था.

Source: https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/noida-gang-making-fake-paneer-busted-1400-kg-paneer-seized-lcly-strc-2275700-2025-06-30